सत्यमेव जयते

असंशोधित

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

24 मार्च, 2021

के दिनों में जल जमाव हो जाता है । बूढ़ी गंडक बायाँ तटबंध के किलोमीटर 75.00 पर एक स्लुइस गेट अवस्थित है, जो वर्तमान में कार्यरत है । जल जमाव की समस्या के निदान हेतु विस्तृत सर्वेक्षणोपरान्त तकनीकी संभाव्यता प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर को विभागीय पत्रांक-1339, दिनांक 2 मार्च, 2021 से निदेशित किया गया है ।

श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव : महोदय, इनके जवाब से हम संतुष्ट हैं, लेकिन आपके माध्यम से हम माननीय मंत्रीजी से आग्रह करना चाहेंगे कि बाढ़ आने के पहले इसके स्लुइस गेट को बनवा दें ताकि जल जमाव नहीं हो ।

श्री संजय कुमार झा,मंत्री : हमलोग टेक्नीकल रिपोर्ट के लिए भेजे हैं, लेकिन हमलोग कोशिश करेंगे कि उससे पहले बनवा दें ।

श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव : बहुत-बहुत धन्यवाद ।

तारांकित प्रश्न सं0-2869(श्री शाहनवाज)क्षेत्र सं0-50 जोकीहाट

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न सं0-2870(श्री आबिदुर रहमान)क्षेत्र सं0-49 अररिया

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न सं0-2871(श्री सुदामा प्रसाद)क्षेत्र सं0-196 तरारी

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न सं0-2872(श्री विजय कुमार मण्डल)क्षेत्र सं0-210 दिनारा

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न सं0-2873(श्री मनोज कुमार यादव)क्षेत्र सं0-16 कल्याणपुर

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न सं0-2874(श्री महबूब आलम)क्षेत्र सं0-65 बलरामपुर

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न सं0-2875(श्री इजहारूल हुसैन)क्षेत्र सं0-54 किशनगंज

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न सं0-2876(श्रीमती शालिनी मिश्रा)क्षेत्र सं0-15 केसरिया

श्री नितीन नवीन,मंत्री : महोदय, वस्तुस्थिति यह है कि वर्तमान में केसरिया से महमदपुर(लम्बाई 3 कि0मी0)के बीच एस0एच0-74 में 8 पुलिया निर्मित है, जो मानक के अनुरूप है ।

अध्यक्ष : उत्तर संलग्न है, पूरक पूछिए ।

श्रीमती शालिनी मिश्रा : जी महोदय, धन्यवाद उत्तर के लिए लेकिन मैं माननीय मंत्री जी को वस्तुस्थिति बताना चाहती हूँ वास्तविकता यह है कि आठ तो कागज पर पुलिया बने हुए हैं केसरिया से महमदपुर के बीच में लेकिन सबमें मिट्टी भरी हुई है और पानी का